मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-60
19/01/2023

# मुख्यमंत्री ने 'समाधान यात्रा' के क्रम में भोजपुर जिले में विकास योजनाओं का लिया जायजा, समस्याओं के समाधान को लेकर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

पटना, 19 जनवरी 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 'समाधान यात्रा' के क्रम में भोजपुर जिले में विभिन्न विभागों के अंतर्गत चल रही विकास योजनाओं का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने भोजपुर जिले के कोईलवर प्रखंड की कुल्हड़िया पंचायत के सकड्डी ग्राम में त्रिशा, त्रिशान इंडस्ट्री के तहत स्थापित एक्वाकल्चर पौंड एंड बायोफ्लॉक फिश फार्मिंग प्रशिक्षण एवं रिसर्च केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने तालाब में मछली डालकर इस सेंटर में मछली पालन का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने फिश कोल्ड रूम का जायजा लिया। उन्होंने प्रशिक्षण एवं रिसर्च केंद्र का भी निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं और किए जा रहे कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने यांत्रिक एअरेटर का बटन दबाकर अधिष्ठापन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री तालाब मत्स्यकी विकास योजना के अंतर्गत मत्स्य विपणन कार्यक्रम के तहत लाभुकों को वाहन का वितरण किया एवं तीन लाभुकों को क्रमशः 20 हजार रुपये, 28 हजार रुपये और 8 हजार रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया।

बिहार में नीली क्रांति की शुरुआत होने के पत्रकारों के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जो–जो चीजें शुरू की गई हैं, उन्हीं सब को विभिन्न जगहों पर जाकर हमलोग देख रहे हैं। यहां भी हमने आकर देखा है, बहुत अच्छा काम हो रहा है। जीविका की दीदियों को जो जिम्मेदारी हमलोगों ने दी है उसको वो लोग बेहतर तरीके से कर रही हैं। सभी जीविका दीदियां काम करने में लग गई हैं तो कितना अच्छा लग रहा है। इससे उनकी आमदनी भी बढ़ी है। पहले बिहार में बाहर से मछली लायी जा रही थी। पहले बिहार की क्या हालत थी। जब हमलोगों ने कृषि रोडमैप के तहत मछली पालन शुरु कराया तो कितना फायदा हुआ है। तीसरे कृषि रोडमैप में यह लक्ष्य निर्धारित किया गया था कि बिहार में जितना मछली के उत्पादन की जरूरत है, वह पूरा कर लिया जायेगा। उसी के अनुरूप अभी बहुत कम काम बचा हुआ है, इस साल वो लक्ष्य भी पूरा हो जायेगा। अब बिहार से भी मछली दूसरी जगहों पर भेजी जा रही है।

इको टूरिज्म से संबंधित सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। जितने लोग आएंगे और इसे देखेंगे उससे लाभ ही होगा। मिथिलांचल, चंपारण और उसके बाद अब शाहाबाद में मछली पालन किए जाने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों का उद्देश्य है कि पूरे बिहार में यह काम हो। अब तक तीन कृषि रोड मैप का काम पूरा हुआ है। चौथे कृषि रोडमैप का काम शुरु होने वाला है। हर क्षेत्र में और क्या काम आगे होना चाहिए, उसी को ध्यान में रखकर काम किया जा रहा है। इतना काम कर दिया जायेगा कि आगे और कुछ करने की जरुरत न हो। हमलोगों की सोच है कि जो भी काम हो वह

ठीक से हो और उसका मेंटेनेंस भी हो। मेंटेनेंस नहीं होने से नुकसान होता है। इन सभी चीजों के लिए ट्रेनिंग भी दी जा रही है।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने कोईलवर प्रखंड के धण्डीहॉ ग्राम स्थित मिशन कायाकल्प के तहत राजकीयकृत प्लस टू विद्यालय का निरीक्षण किया। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार सिंह ने वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों से पढ़ाई के संबंध में चर्चा की। छोटे बच्चों ने खेल–खेल में ही पढ़ने के तरीके से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने भी बच्चों के साथ समय व्यतीत कर अच्छा महसूस किया और उन्हें भरपूर सराहा। मुख्यमंत्री ने विद्यालय के विभिन्न कमरों, पुस्तकालय, कॉमन रूम एवं पूरे परिसर का बारिकी से निरीक्षण किया और शिक्षकों से भी पढ़ाई और वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में पूरी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने डिजिटल क्लास रूम का भी जायजा लिया और तकनीक के माध्यम से दी जा रही शिक्षा की जानकारी ली तथा क्लास रूम में पढ़ रहे बच्चों से बात की। मुख्यमंत्री ने उन्नयन स्मार्ट क्लास रूम का भी निरीक्षण कर वहां पढ़ रहे बच्चों से बात की और उनकी सराहना की। उसी क्लास में पढ़ रहे एक बच्चे ने मुख्यमंत्री का बनाया हुआ पेंटिंग उन्हें भेंट कर उनका अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने विद्यालय परिसर में लगाये गये सोलर प्लेट के संबंध में भी जानकारी ली और इस व्यवस्था की प्रशंसा की।

निरीक्षण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुये कहा कि स्कूलों को प्लस टू स्तर तक का बनाया जा रहा है ताकि बच्चे–बच्चियां ठीक से पढ़ें और आगे बढ़ें। इस स्कूल को और विकसित किया गया है उसे ही देखने हमलोग यहां आये हैं। अब गांवों में भी स्मार्ट क्लास में पढ़ाई हो रही है। बच्चों को एक–एक चीज की जानकारी दी जा रही है। स्कूलों में खेलकूद की भी व्यवस्था की गई है। इस स्कूल में सौर ऊर्जा से बिजली मिल रही है। हम हमेशा कहते रहे हैं जितने भी सरकारी भवन हैं उनकी छतों पर सोलर प्लेट लगाईये। यहां भी सोलर लाइट देखकर मुझे काफी खुशी हुई है। इस स्कूल को जितनी बिजली की जरूरत है वह सोलर इनर्जी से पूरी हो जा रही है। इस तरह के विद्यालय सभी जगहों पर बनाये जाने हैं। इसको लेकर पैसे का एलॉटमेंट कर दिया गया है। बिहार के सभी सरकारी स्कूलों को और बेहतर बनाना है। शिक्षकों की बहाली भी की जा रही है। बिहार में पढ़ाई और लोगों के इलाज के लिए भी व्यवस्था की गई है। दवा की उपलब्धता भी करायी गयी है। लोगों की उन्नति को लेकर कई काम किये जा रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री श्री अश्विनी चौबे के धरने के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उनको आपलोग सलाह दीजिए कि वे कोई और काम न करके यह सब करते रहें। इससे उनकी पार्टी उन्हें अधिक तवज्जो देगी।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ग्राम पंचायत संदेश के तीर्थकौल गांव पहुंचे और वहां के किसानों एवं ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिये। सतत् जीविकोपार्जन योजना की लाभार्थी जीविका दीदियों से मुख्यमंत्री ने मुलाकात की और उनके द्वारा लगाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने जीविका समूह को 81 लाख 31 हजार रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। वहां उपस्थित जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री की सराहना की और कहा कि पहले हमलोग मड़ई में रहते थे लेकिन जीविका समूह से जुड़ने के बाद अब हमलोगों का घर बन गया है। मुर्गी पालन, किराना दुकान एवं अन्य जीविकोपार्जन के कार्य कर रही जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये सब आपकी बदौलत हुआ है। जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि हमलोग शराबबंदी से बहुत खुश हैं और लोगों को शराब नहीं पीने के लिए लगातार प्रेरित कर रहे हैं। जीविका द्वारा किए जा रहे कार्यों को जीविका दीदियों ने मुख्यमंत्री के समक्ष गीत के माध्यम

से प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री ने एकता जीविका महिला संगठन के कार्यालय को भी देखा और वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में जीविका दीदियों से जानकारी ली। वहां मौजूद बिहार महादलित विकास मिशन के सदस्यों को मुख्यमंत्री ने कहा कि आपलोग समाज सुधार अभियान चलाते रहिए और लोगों को जागरूक करते रहिए।

भ्रमण और निरीक्षण के पश्चात् मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि जीविका दीदियों के कहने पर ही बिहार में शराबबंदी लागू की गई। शराबबंदी को लेकर जीविका दीदियां काफी अलर्ट रहती हैं। शराबबंदी लागू होने के बाद समाज में आये परिवर्तन को जीविका दीदियां बताती रहती हैं। आज जीविका दीदियां सभी काम कर रही हैं। अपने कार्यों एवं उपलब्धियों से संबंधित गाना बनाकर गा भी रही हैं। आज जीविका दीदियां काफी खुश हैं।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत संदेश में अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का शिलापट्ट अनावरण कर लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री दिव्यांगजन सशक्तीकरण छात्र योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री ने लाभार्थियों को ट्राई साइकिल की चाबी प्रदान की।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री श्री जमां खान, विधायक श्रीमती किरण देवी, विधान पार्षद श्री राधाचरण साह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार सिंह, समाज कल्याण विभाग के सचिव श्री प्रेम सिंह मीणा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, पटना प्रमंडल के आयुक्त श्री कुमार रवि, अपर पुलिस महानिदेशक विधि व्यवस्था श्री संजय सिंह, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जीविका सह मिशन निदेशक जल–जीवन–हरियाली अभियान श्री राहुल कुमार, पुलिस उपमहानिरीक्षक शाहाबाद रेंज श्री नवीन चंद्र झा, भोजपुर जिलाधिकारी श्री राजकुमार, भोजपुर पुलिस अधीक्षक श्री प्रमोद कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारीगण उपस्थित थे।

******